हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 12 अप्रैल 2025, समय 1305 (5 मिनट)

आज देशभर में हनुमान जयंती धार्मिक उत्साह के साथ मनाई जा रही है। हरियाणा , दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी के विभिन्न हनुमान मंदिरों में सुबह से ही भक्तों की भीड़ उमड़ रही है। मंदिरों में हनुमान चालीसा, सुंदर कांड और अखंड रामायण का पाठ किया जा रहा है।प्रदेश के विभिन्न जिलों के प्रमुख हनुमान मंदिरों में भी बड़ी संख्या में भक्त माथा टेक रहे हैं । सभी जगह हनुमान जयंती का हर्षोल्लास है।

****************************************************************************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज हनुमान जयंती पर देशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि संकटमोचन भगवान हनुमान के आशीर्वाद से सभी लोग जीवन में स्वस्थ, सुखी और समृद्ध रहें।

***************************************************************************

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार औद्योगिक मॉडल टाउनशिप खरखौदा की तरह ही प्रदेश के 10 जिलों में औद्योगिक मॉडल टाउनशिप (आईएमटी) स्थापित करेगी। इस पहल से न केवल ‘मेक इन इंडिया’ बल्कि ‘मेक इन हरियाणा’ के सपने को साकार करने में मदद मिलेगी, जिससे राज्य की अर्थव्यवस्था मजबूत होगी।

मुख्यमंत्री कल खरखौदा में निर्माणाधीन मारुति संयंत्र की प्रगति की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे।श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि विकसित भारत की मजबूत नींव रखने के लिए राज्य सरकार हर कदम पर उद्यमियों के साथ खड़ी है। उन्होंने कहा कि सरकार उद्यमियों द्वारा ऑनलाइन आवेदन करने पर सिंगल विंडो सिस्टम के माध्यम से 15 दिनों के भीतर सभी प्रकार की एनओसी जारी करेगी। उन्होंने कहा कि प्रक्रिया में यदि कोई बाधा आती है, तो राज्य सरकार उसका समाधान करेगी और 30 दिनों के भीतर एनओसी जारी करना सुनिश्चित करेगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह हरियाणा के लिए गर्व की बात है कि आईएमटी खरखौदा में दुनिया का सबसे बड़ा कार निर्माण संयंत्र लगाया जा रहा है। पूरा होने के बाद इस संयंत्र की क्षमता सालाना 10 लाख कारें बनाने की होगी।

***********************************************************************

केंद्र सरकार ने बच्चों के आधार नामांकन में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाला केंद्र शासित प्रदेश होने के लिए चंडीगढ़ प्रशासन को पुरस्कृत किया है।यह पुरस्कार नई दिल्ली में भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण द्वारा आयोजित "आधार संवाद" कार्यक्रम के अवसर पर प्रदान किया गया।

चंडीगढ़ प्रशासन की ओर से चंडीगढ़ के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण निदेशक डॉ. सुमन सिंह ने भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण के मुख्य कार्यकारी अधिकारी भुवनेश कुमार से यह पुरस्कार प्राप्त किया।

***********************************************************************

हरियाणा के लोक निर्माण एवं जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री रणबीर गंगवा कल हिसार स्थित महाराजा अग्रसेन हवाई अड्डे पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 14 अप्रैल को प्रस्तावित कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर जायजा लिया।कैबिनेट मंत्री ने जिला प्रशासन एवं संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक कर रैली स्थल पर चल रहे कार्यों की समीक्षा भी की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

कैबिनेट मंत्री ने बताया कि 14 अप्रैल को प्रधानमंत्री हिसार से हवाई सेवा की शुरुवात करेंगे। इस दिन अयोध्या के लिए उड़ान रवाना होगी। इस उड़ान के शुरू होने से श्रद्धालुओं के लिए भगवान रामलला के दर्शन करने जाना आसान हो जाएगा।उन्होंने कहा कि हिसार के महाराजा अग्रसेन हवाईअड्डे से भविष्य में अन्य प्रमुख शहरों के लिए भी उड़ानों की शुरुआत की जाएगी। इससे न केवल हरियाणा में हवाई यातायात का विस्तार होगा, बल्कि व्यापार, पर्यटन एवं निवेश को भी नई गति मिलेगी। उन्होंने कहा कि इसी दिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी यमुनानगर में दीन बन्धु चौधरी छोटूराम ताप बिजली संयंत्र में 800 मेगावाट की नई इकाई का शिलान्यास करेंगे। यह इकाई हरियाणा की ऊर्जा आवश्यकताओं को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

**************************************************************
***********

पानीपत में कल नगर निगम सदन की पहली बजट बैठक हुई जिसमें 'एक राष्ट्र एक चुनाव' का प्रस्ताव पारित किया गया।नगर निगम की महापौर कोमल सैनी ने यह प्रस्ताव रखा। उन्होंने सभी पार्षदों से इस प्रस्ताव का समर्थन करने को कहा तो सभी 26 पार्षद और महापौर ने हाथ उठाकर और खड़े होकर प्रस्ताव का समर्थन किया । फिर सभी ने प्रस्ताव पर हस्ताक्षर करके इसे अधिकारियों को सौंप दिया।नगर निगम आयुक्त डॉ. पंकज ने कहा कि वो यह प्रस्ताव केंद्र सरकार को भेजेंगे।

**************************************************************
***********

केंद्र सरकार ने उभरते व्यापार चुनौतियों के समाधान के लिए एक समर्पित वैश्विक शुल्क और व्यापार हेल्पडेस्क शुरू किया है। वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय ने कहा कि हेल्पडेस्क आयात और निर्यात चुनौतियों, आयात वृद्धि या डंपिंग, आपूर्ति श्रृंखला चुनौतियां, वित्तीय या बैंकिंग मुद्दों तथा विनियामक मुद्दों पर विचार करेगा।

हेल्प डेस्क केंद्र सरकार और राज्य सरकारों के मंत्रालयों, विभागों और एजेंसियों से संबंधित व्यापार मुद्दों को भी एकत्रित और संयोजित करेगा। इस विषय में वैश्विक शुल्क और व्यापार हेल्पडेस्क' शीर्षक के साथ डी जी एफ टी ई डी आई एट एन आई सी डॉट आई एन पर ईमेल भेजा जा सकता है। इसके अलावा टोल-फ्री नंबर 1800-111-550 पर कॉल करके जानकारी प्राप्त की जा सकती है।